डॉ. के. श्रीनिवासराव
सचिव
Dr. K. Sreenivasarao
Secretary

साहित्य अकादेमी
(नेशनल अकादमी ऑफ़ लेटर्स)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था
Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An Autonomous Organisation of Government of India, Ministry of Culture

सा.अ/25

23 फ़रवरी, 2017

प्रेस विज्ञप्ति

साहित्य अकादेमी की महत्तर सदस्यता डॉ. नामवर सिंह को देने की घोषणा

एक भारतीय लेखक के लिए साहित्य अकादेमी का सर्वोच्च सम्मान महत्तर सदस्यता है। यह सम्मान विशिष्ट साहित्यकारों के लिए सुरक्षित है और एक समय में कुल 21 महत्तर सदस्य हो सकते हैं। साहित्य अकादेमी की सामान्य सभा की 22 फ़रवरी 2017 की बैठक में हिंदी के प्रख्यात लेखक डॉ. नामवर सिंह को अकादेमी का महत्तर सदस्य चुना गया है।

डॉ. नामवर सिंह हिंदी के प्रख्यात लेखक, आलोचक और विद्वान हैं तथा अनेक वर्षों से हिंदी में अग्रणी आलोचना–स्वर बने हुए हैं। उन्होंने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से पी–एच. डी. की उपाधि प्राप्त की। वह जनयुग (साप्ताहिक) और आलोचना पत्रिका के संपादन से जुड़े रहे हैं। उन्होंने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, सागर विश्वविद्यालय, जोधपुर विश्वविद्यालय एवं जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली में हिंदी का अध्यापन किया है। दो बार महात्मा गाँधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति भी रहे। उन्हें अनेक प्रतिष्ठित सम्मान और पुरस्कार प्राप्त हुए हैं, जिनमें प्रमुख हैं : साहित्य अकादेमी पुरस्कार, हिंदी अकादमी, दिल्ली का शलाका सम्मान, हिंदुस्तानी अकादमी सम्मान, उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान का साहित्य भूषण सम्मान आदि। उनकी प्रमुख कृतियाँ हैं : *बकलम खुद, आधुनिक हिंदी की प्रवृत्तियाँ, छायावाद, पृथ्वीराज रासो की भाषा, इतिहास और आलोचना, वाद विवाद संवाद, दूसरी परंपरा की खोज, कहानी–नयी कहानी, हिंदी के विकास में अपभ्रंश का योगदान, कविता के नये प्रतिमान* आदि।

उन्हें सम्मान स्वरूप उत्कीर्ण ताम्र फलक और अंगवस्त्रम् प्रदान कर भविष्य में आयोजित एक भव्य समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

(के. श्रीनिवासराव)